भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 4637
उत्तर देने की तारीख : 22 जुलाई, 2019

पूर्व प्रधानमंत्रियों के स्मारक स्थल

4637. डॉ॰ वेंकटेश नेता बोरलाकुंता :

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के पास श्री पी॰ वी॰ नरसिम्हा राव सहित पूर्व प्रधानमंत्रियों के लिए दिल्ली में स्मारक स्थल स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा वित्तपोषण का ब्यौरा क्या है; और
(ग) यदि नहीं, तो दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री पी॰ वी॰ नरसिम्हा राव का स्मारक स्थल स्थापित नहीं करने के क्या कारण हैं?

उत्तर
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)
संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(क) से (ग) : जी, नहीं। तथापि, भारत सरकार ने भारत की लोकतांत्रिक प्रकृति की समझ को और अधिक बेहतर बनाने, प्रधानमंत्रियों के कार्य, जीवन और व्यक्तित्व के संबंध में समग्र रूप से आगंतुकों और जनता के बीच जिज्ञासा पैदा करने के मुख्य उद्देश्य से तीन मूर्ति परिसर, नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री श्री पी॰ वी॰ नरसिम्हा राव सहित भारत के प्रधानमंत्रियों पर नए संग्रहालय की स्थापना संबंधी प्रस्ताव अनुमोदित किया है। प्रस्तावित संग्रहालय भारत सरकार द्वारा 226.20 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से वित्तपोषित किया जा रहा है।

***